# 1089 मवेशियों को नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम व निगम


## स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जाएगा

आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 16 जुलाई तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1089 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 19 जुलाई को महू रोड, गीता मंदिर रोड, पोलोग्राउंड, टीआईटी रोड आदि क्षेत्रों से 7 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों को मवेशी मुक्त बनाए जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जाएगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ों का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हें तोड़ा जाकर राशि वसूल की जाएगी। स्वदेश

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पहुंचता है तो पालक पर 500 रुपए का अर्थदण्ड किए जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि वसूल करेगा। स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

स्वदेश 18/7/21



# काश्यप नागरिक उड्डयन मंत्री से मिले

## एयरपोर्ट की संभावना को लेकर चर्चा की

रतलाम ● विधायक चेतन्य काश्यप ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें मंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री काश्यप श्री सिंधिया को मांग पत्र सौंपकर रतलाम एयर स्ट्रीप को क्षेत्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का आग्रह भी किया।

श्री काश्यप ने बताया कि रतलाम में 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष निवेश क्षेत्र बनने जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा एमपीआईडीसी को भूमि का आवंटन भी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान इस निवेश क्षेत्र को विकसित करने की घोषणा की है। रतलाम के समीप से ही दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे भी गुजर रहा है और रतलाम रेलवे का मुख्य जंक्शन होकर काफी संभावनाओं वाला शहर है। रतलाम में एयरपोर्ट नहीं है। सैलाना रोड स्थित बंजली हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी इंदौर के दल द्वारा सर्वे भी कर लिया गया है। अतः रतलाम में जल्द से जल्द क्षेत्रीय एयरपोर्ट विकसित करने का आग्रह किया। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने आश्वस्त किया कि रतलाम में क्षेत्रीय एयरपोर्ट का विकास करने में वे विशेष रूचि लेंगे। इसके लिए राज्य सरकार से समन्वय कर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रतलाम से उन्हें विशेष लगाव है। मंत्री बनने से ठीक पूर्व उनका रतलाम का प्रवास सदैव स्मरण पटल पर बना रहेगा।

स्वदेश 18/7/21

नी, जिम्मेदार सुना रहे पुरानी कहानी

# 20 हजार घरों में जुलाई के 17 दिन में सिर्फ 6 दिन पानी मिला, वो भी मटमैला



शहर में पेट में दर्द, उल्टी व दस्त के मरीज बढ़ रहे हैं।



मानसून की शुरुआत होते ही शहर में कई घर के नलों में मटमैला पानी आने की शुरुआत हो गई है। कई क्षेत्रों में तो यह स्थिति है कि 20 से 30 मिनट पेयजल आ रहा है उसमे भी मटमैला पानी 15 से 20 मिनट तक आ रहा है। पॉश कॉलोनियों के रहवासी निगम को सबसे अधिक टैक्स देते है, उन क्षेत्र में भी शुद्ध पेयजल नगर निगम नहीं दे पा रही है। शहर के करीब 20 हजार आवास में एक दिन छोड़कर एक दिन मिल रहे पेयजल में मैलापन होने के चलते अब आमजन परेशान हो गया है।

## पानी के अन्य स्त्रोत तलाशना शुरू

शहर के काटजू नगर, बैंक कॉलोनी, राजबाग, टीआईटी रोड, गांधीनगर, इंदिरा नगर, नजरबाग, श्रीमालीवास, थावरिया बाजार जैसे मोहल्लों में तो 17 दिन में सिर्फ 6 दिन पेयजल मिला है। जो पेयजल मिला है, वो मैलापन लिए होने से आमजन के लिए उपयोगी नहीं है। ऐसे में इंदिरा नगर में तो कई घर में निजी टैंकर मंगवाए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य क्षेत्र के रहवासी निजी नलकुप सहित अन्य स्त्रोत की तलाश में जुट गए है। रहवासियों के अनुसार पानी इतना मटमैला है की पेयजल तो दूर इसको अन्य कार्य के लिए भी नहीं लिया जा सकता है।

### कपड़े धोने के काम का भी नहीं

हमारे मोहल्ले में मैलापन लिए हुए पानी आ रहा है। यह इतना खराब है की पेयजल तो दूर इससे कपड़े भी साफ नहीं हो सकते है। - **सुमन बाई**, रहवासी इंदिरानगर

### बारिश में आती है यह समस्या

बारिश के समय मटमैला पानी आना सामान्य बात है। टर्बीडीटी बढ़ने से यह होता है। इसके लिए उपाय किए गए है व व्यवस्था में तेजी से सुधार हो रहा है। कई क्षेत्र में समय पर पेयजल टंकियां नहीं भरने की वजह से देरी से पेयजल वितरण हुआ है। - **सौमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 18/7/21

# आगामी 31 जुलाई तक के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश

स्वतंत्र एलान रिपोर्टर

रतलाम। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं । रतलाम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्रों में आगामी 31 जुलाई की प्रातः 6:00 बजे तक के लिए यह प्रतिबंधात्मक आदेश लागू रहेंगे। जारी आदेश के अनुसार सम्पूर्ण रतलाम जिले में रात्रि 11.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक नाईट कर्फ्यू प्रभावित रहेगा। सभी सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले आदि जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, प्रतिबंधित रहेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम हाल की क्षमता 50 प्रतिशत क्षमता की सीमा तक संचालित किए जा सकेंगे। सभी धार्मिक, पूजा स्थल खुल सकेंगे किन्तु एक समय में 06 से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे तथा उपस्थितजनों को कोविड प्रोटोकाल का पालन करना बंधनकारी होगा। समस्त प्रकार की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, निजी कार्यालय, शापिंग मार्ल, जिम अपने नियत समय तक खुल सकेंगे। सिनेमाघर एवं थियेटर कुल क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किए जा सकेंगे। सिनेमाघर संचालक को कोविड 19 प्रोटोकाल का पालन करना सुनिश्चित करना होगा। समस्त वृहद, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग अपनी पूर्ण क्षमता पर कार्य कर सकेंगे तथा निर्माण गतिविधियां सतत् चल सकेंगी। जिम एवं फिटनेस सेन्टर 50 प्रतिशत क्षमता पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए खुल सकेंगे। समस्त खेलकूद के स्टेडियम खुल सकेंगे किन्तु खेल आयोजनों में दर्शक शामिल नहीं हो सकेंगे। समस्त रेस्टोरेंट एवं क्लब 100 प्रतिशत क्षमता से कोविड 19 प्रोटोकाल की शर्त का पालन करते हुए रात्रि 10.00 बजे तक खुल सकेंगे। जिले में विवाह आयोजन में दोनों पक्षों को मिलाकर अधिकतम 100 लोगों की उपस्थिति की ही अनुमति रहेगी। इस प्रयोजन के लिए आयोजक को संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं थाना प्रभारी को अतिथियों के नाम की सूची आयोजन से पूर्व प्रदाय करना आवश्यक होगा। इस हेतु सूची के साथ अनुमति के लिए आवेदन सात दिवस पूर्व देना होगा। समस्त सहभागियों को दो दिवस पूर्व आरटीपीसीआर अथवा आरएटी करवाना अनिवार्य होगा। अधिकतम 50 लोगों के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी।

रुल्स आफ सिक्स - अनुमत्य गतिविधियों के अलावा किसी भी स्थान पर 6 से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। जहां पर स्पष्ट रुप से 6 से अधिक व्यक्तियों की अनुमति दी जाती हो, वहां यह छूट रहेगी। अन्तरराज्यीय तथा राज्यांतरिक व्यक्तियों, माल एवं सर्विसेज का आवागमन निर्बाध रहेगा। सभी सार्वजनिक व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कोविड-19 के प्रोटोकाल (फेस मास्क, सेनिटाईजर, दो गज की दूरी, गोले बनाना व रस्सी बांधना) का पालन करना अनिवार्य होगा। इसके उल्लंघन पर संबंधित प्रतिष्ठान के संचालक पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी व संबंधित प्रतिष्ठान को सील किया जा सकेगा। प्रतिष्ठान के मालिक, प्रबंधकों द्वारा यह प्रयास किया जाए कि उनका स्वयं का तथा प्रतिष्ठान पर कार्यरत समस्त कर्मचारियों का वैक्सीनेशन हो चुका हो। उल्लंघन की स्थिति में भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

स्वतंत्र एलान 18/7/21

अब सोमवार को होगा वैक्सीनेशन

# 87 केंद्रों पर 14 हजार लोगों को लगेंगे वैक्सीन

पत्रिका करंट इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोविड टीकाकरण को लेकर अब सोमवार को वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसके चलते जिले के 87 केंद्रों पर 14 हजार लोगों को टीके लगाए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम जिले में चल रहे वैक्सीनेशन के तहत सोमवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए वैक्सीनेशन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 8900 लोगों को पहला टीका लगाया जाएगा जबकि 5100 लोगों को दूसरे डोज का टीका लगेगा।

उत्कृष्ट विद्यालय आलोट, शासकीय कन्या हाई स्कूल ताल, शासकीय माध्यमिक विद्यालय खारवाकला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावल में दूसरे डोज़ का ग्राम केलूखेड़ी में केवल पहले डोज़ का, ग्राम कसारी, ग्राम कराडिया, ग्राम मुंज, ग्राम झारखाडिया पर कोविशिल्ड के प्रथम और दूसरे डोज़ का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

## बाजना विकासखंड में यहां होगा टीकाकरण

मांगलिक भवन बाजना, ग्राम पंचायत कुंदनपुर, ग्राम पंचायत राजापुरा माताजी, बालक छात्रावास रावटी, ग्राम पंचायत गढ़ावदिया, ग्राम पंचायत मलवासी की वैक्सीनेशन केंद्रों पर कोविशिल्ड के केवल दूसरे डोज़ का वैक्सीनेशन किया जाएगा। पिपलोदा क्षेत्र में टीकाकरण पंचायत भवन पंचेवा, प्राथमिक विद्यालय शेरपुर, पंचायत भवन बोरखेड़ा, नवीन स्कूल भवन धमेडी, डाइट कॉलेज पिपलोदा पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज़ लगेगा।



## रतलाम ग्रामीण व सैलाना में टीकाकरण

कन्या हाई स्कूल नामली, कन्या मिडिल स्कूल नामली, बालक प्राथमिक विद्यालय नामली, बालक छात्रावास नामली, बस स्टैंड नामली के केंद्रों पर कोविशिल्ड का केवल पहला डोज़ लगाया जाएगा। बालक हाई स्कूल सैलाना ग्राम पंचायत भवन करिया, ग्राम पंचायत भवन शिवगढ़, ग्राम पंचायत भवन सरवन पर कोविशिल्ड दूसरा डोज़ लगाया जाएगा।

## जावरा ब्लॉक में टीकाकरण

ग्राम पंचायत भवन रिंगनोद, ग्राम पंचायत भवन असावती, ग्राम पंचायत भवन कलालिया पर कोविशिल्ड के दूसरे डोज़ का टीकाकरण किया जाएगा। ग्राम पंचायत भवन निर्माण नीमन, ग्राम पंचायत खोजनखेड़ा, ग्राम पंचायत भीमाखेड़ी पर कोविशिल्ड का पहला डोज़ लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत बरडिया गोयल में कोविशिल्ड का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत उपलाई, ग्राम पंचायत मांडवी, ग्राम पंचायत गोंदीधर्मसी में कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज़ लगाया जाएगा। बालक छात्रावास बड़ावदा में कोविशिल्ड का पहला डोज़, नगर परिषद बड़ावदा पुराना भवन पर कोविशिल्ड का दूसरा डोज़ लगाया जाएगा। टोल प्लाजा ढोढर पर कोविशिल्ड का पहला डोज़ और ग्राम पंचायत लसुडिया जंगली में कोविशिल्ड का दूसरा डोज़ लगाया जाएगा।महात्मा गांधी स्कूल जावरा, नगर पालिका टाउन हॉल जावरा, लायंस क्लब जावरा, भगतसिंह कॉलेज जावरा पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज़ लगाया जाएगा।

## रतलाम शहर में टीकाकरण

रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरुनानक स्कूल विनोबा नगर मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, साई अकादमी 80 फिट रोड, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, सरस्वती स्कूल काटजू नगर, आइएम हाल राजेंद्र नगर, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, आनंद कॉलोनी, मोहन टॉकीज रतलाम, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, मेहंदीकुई बालाजी नगर निगम, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार रतलाम पर ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर कोविशिल्ड का केवल पहला डोज़ लगाया जाएगा।

### यहां लगेगा दूसरा डोज

रतलाम शहर में सोमवार को कोविशिल्ड के दूसरा डोज़ लगाने के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस दो बत्ती केंद्रों का निर्धारण किया गया है। कोविशिल्ड का दूसरा डोज़ लगवाने के हितग्राही वैक्सीनेशन केंद्र पर जाकर सीधे वैक्सीनेशन करा सकते हैं।

पत्रिका 18/7/21

## निकायों से शिकायतों के मामले में ग्वालियर जिले के लोग सबसे आगे


# समस्याएं हजार... सफाई व्यवस्था बेपटरी

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** स्वच्छता अभियान के बाद भी नगरीय निकायों में सबसे ज्यादा शिकायतें नाले-नलियां चोक होने, सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई नहीं होने और शौचालय निर्माण को लेकर आ रही हैं। इस साल ये शिकायतें ऑनलाइन और ऑफलाइन की गई हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कर्मचारियों को बेहतर सेवाएं देने कार्ययोजना बनाने के लिए कहा है।

ग्वालियर जिले के निकायों के लोगों ने सबसे ज्यादा शिकायतें की हैं। चाहे वह साफ-सफाई, सड़कों के निर्माण, पेयजल समस्या की हो या सार्वजनिक स्थलों पर स्ट्रीट लाइट की हो। ग्वालियर में पिछले कुछ महीनों में 27 हजार के आसपास शिकायतें पंजीकृत की गई हैं। दूसरा नम्बर इंदौर और तीसरे नम्बर पर राजधानी भोपाल है। हालांकि नगरीय विभाग के अधिकारियों का दावा है कि सीएम हेल्प लाइन, नगर पालिका पोर्टल सहित अन्य माध्यमों के जरिए पंजीकृत दो लाख 32 हजार शिकायतों में से 75 फीसदी का तत्काल निराकरण किया जा चुका है। बाकी की शिकायतों के निराकरण का प्रयास अलग-अलग हो रहा है।




## इंदौर-भोपाल में ज्यादा अतिक्रमण

**अतिक्रमण** करने के मामले में भोपाल, इंदौर जिले के लोग अन्य जिलों से आगे हैं। यहां अवैध गुमठी, ठेला लगाने, निर्माण करने और सड़कों पर कारोबार की सबसे सबसे ज्यादा शिकायतें होती हैं। अतिक्रमण से परेशान लोगों के जरिए ये शिकायतें की गई हैं। इसके लिए हफ्ते में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान भी चलाए जाते हैं। इसके साथ ही इन लोगों से पेनल्टी की राशि भी वसूली जाती है।

| शहर | शिकायतें |
|---|---|
| इंदौर | 1086 |
| भोपाल | 690 |
| जबलपुर | 529 |
| बुरहानपुर | 275 |
| रीवा | 261 |

## अवारा कुत्तों के मामले में भोपाल

अवारा कुत्तों के मामले में सबसे आगे भोपाल है। यहां इस वर्ष 1131 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जबकि पूरे प्रदेश में करीब 3147 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इस मामले में इंदौर दूसरे और जबलपुर तीसरे नम्बर पर है। इन दोनो जिलों के निकायों में करीब क्रमश: 575 और 230 लोगों ने शिकायतें की हैं।

## पशुओं से परेशान

प्रदेश में अवारा पशुओं को पकड़ने के संबंध में इस वर्ष 1200 से अधिक शिकायतें की गई हैं, जिसमें टॉप में मुरैना जिले के नगरीय निकाय हैं। इन निकायों में 561 लोगों ने शिकायतें की हैं। दूसरे नम्बर पर ग्वालियर और तीसरे नम्बर पर भोपाल है। ग्वालियर में 183 और भोपाल में 89 शिकायतें दर्ज की गई हैं। सुअरों के मामले में भोपाल के निकाय सबसे आगे हैं। प्रदेश में सभी निकायों में अवारा सुअरों से जुड़ी 680 शिकायतें हुई हैं, जिसमें से भोपाल में अकेले 247 शिकायतें पंजीकृत हुई हैं। इसी तरह जबलपुर में 72 और उज्जैन में 66 लोगों ने शिकायतें की हैं।

## इन क्षेत्रों की समस्याएं ज्यादा

सड़कों, सार्वजनिक स्थालों, सीवेज, नाला-नाली सफाई सहित अन्य, शौचालय निर्माण- **64774**

पानी की सप्लाई, नल कनेक्शन, पानी की टंकी सहित अन्य शिकायतें- **49855**

स्ट्रीट लाइट- **17763**

सीवेज गटर- **17121**

पीएम आवास योजना **13442**

टावर, होर्डिंग- **8421**

अवैध कॉलोनी, अवैध कब्जा- **5464**

पत्रिका 18/7/21

# उचित मूल्य की दुकानों पर शिविरों में अब तक 3182 आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वार्डो की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाये जा रहे हैं।

आयुष्मान कार्ड वार्डवार बनाये जाने के तहत आज गुरूवार को वार्ड क्रमांक 1 में सागर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित 61, रिटायर्ड कालोनी अटैच दुकान विनोबा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार, वार्ड क्रमांक 2 में घनश्याम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार मर्यादित लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 3 में पूजा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित जवाहर नगर अटैच दुकान शीतल महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित व वार्ड क्रमांक 4 में इंदिरा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित इन्द्रलोक नगर में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। उक्त वार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर 14 जुलाई बुधवार को 199, 15 जुलाई को 236, 16 जुलाई को 204 कार्ड बनाये गये। इससे पूर्व वार्डवार गठित दलों द्वारा 2543 कार्ड बनाये गये थे इस तरह अब तक 3182 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं।

आयुष्मान कार्ड से शेष रहे पात्र हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु समग्र आईडी, आधार कार्ड, खाद्यान्न पात्रता पर्ची के साथ निर्धारित दिनांको को अपने वार्ड की उचित मूल्य की दुकानों पर संपर्क कर कार्ड बनवाने की कार्यवाही संपादित करवायें। स्वदेश

स्वदेश 18/7/21

**लापरवाही** • पता ही नहीं चलता कहां दौड़ रहे 25 कचरा कलेक्शन सहित 43 वाहन, जिसमें लगाए उनमें भी कई में खराबी

# 7 माह में सिर्फ 100 वाहन में ही जीपीएस लगा पाए

## भोपाल की कंपनी को 30 लाख का वर्क ऑर्डर दिया था, मॉनिटरिंग में दिक्कत के बाद निगम ने ठेकेदार कंपनी को भेजा नोटिस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

25 कचरा कलेक्शन सहित निगम के 43 वाहन दिनभर कहां दौड़ते रहते हैं, इसका अफसरों को पता ही नहीं चल पा रहा है। पड़ताल में खुलासा हुआ कि इन वाहनों में जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) ही नहीं लग पाए हैं। इतना ही नहीं 143 में से जिन 100 वाहन में जीपीएस लगाए हैं, उनमें से कुछ ठीक से काम नहीं कर रहे। अफसरों ने भोपाल की ठेकेदार कंपनी द रिनाउंसर को नोटिस जारी कर दिया है। साथ ही शर्तों के अनुसार काम नहीं करने पर ठेका निरस्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। दिसंबर में निगम ने भोपाल की द रिनाउंसर कंपनी को 20 लाख में जीपीएस लगाकर संचालन का वर्क ऑर्डर दिया था।



### ठेकेदार कंपनी के माइनस पॉइंट

1. 30 दिन में सारे 143 वाहनों पर सिस्टम लगाने थे, सिर्फ 100 पर ही लगाए।
2. वाहन चालक व हेल्परों की बायोमैट्रिक अटेंडेंस लेना था, जो चालू नहीं हो पाई।
3. टोल फ्री नंबर तो जारी कर दिया, लेकिन प्रचार-प्रसार नहीं किया, नागरिकों को पता ही नहीं।

### निगम के माइनस पॉइंट

1. मेंटेनेंस ठीक से नहीं होने से वाहनों की वायरिंग और बैटरियां खराब हो रही हैं, इससे जीपीएस नहीं चल पा रहे।
2. ड्राइवर भी सिस्टम के साथ छेड़छाड़ कर देते हैं।
3. कुछ कचरा वाहन लंबे समय से खराब पड़े हैं। इससे सिस्टम नहीं लग पा रहे।

### निगम वाहनों में जीपीएस की स्थिति

| वाहन | संख्या | नहीं लगे |
|---|---|---|
| कचरा कलेक्शन | 87 | 25 |
| ट्रैक्टर | 9 | 8 |
| लोडिंग वाहन मैजिक | 9 | 2 |
| इनोवा | 2 | 2 |
| टाटा सफारी | 1 | 1 |
| स्कॉर्पियो | 3 | - |
| बोलेरो | 2 | - |
| डिजायर | 1 | - |
| लोडिंग कम पैसेंजर | 2 | - |
| डंपर | 7 | - |
| जेसीबी | 5 | 1 |
| स्कॉय लिफ्ट | 2 | - |
| फायर लॉरी | 5 | 1 |
| क्विक रिस्पांस व्हीकल | 1 | - |
| सक्शन कम जेटिंग | 2 | 1 |
| शव वाहन | 1 | - |
| कॉम्पेक्टर | 2 | - |
| रोड रोलर | 1 | 1 |
| पोकलेन मशीन | 1 | 1 |

**जवाब दिया-** शर्तों के अनुसार संचालन किया जा रहा है। नोटिस का जवाब दिया है। ऐसी कोई स्थिति नहीं है, जैसी बता रहे हैं।
**मनोज त्यागी,** ठेकेदार कंपनी

**नोटिस दिया था-** लापरवाही को लेकर ठेकेदार कंपनी को नोटिस जारी किया गया था। जवाब का परीक्षण कर रहे हैं। कार्रवाई करेंगे।
**एपी सिंह,** स्वास्थ्य अधिकारी

भास्कर

दै. भास्कर 18/7/21

कहीं बिजली के पोल बीच में तो कहीं सीसी रोड होने लगी गायब

# ये कैसा सौंदर्यीकरण : रु. 16 करोड़ का सिटी फोरलेन जगह-जगह हो रहा क्रेक

पत्रिका डे-स्पेशल संडे मेगा स्टोरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. करीब एक साल पहले शहर के दीपक टॉकिज रोड से दो बत्ती होकर मित्रनिवास रोड तक 16 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बन रहे सिटी फोरलेन में अभी से छह माह पूर्व बनी सीसी रोड लुप्त होना शुरू हो गई है। कहीं यह उखड़ गई है तो कहीं पर बिजली के पोल तक हटाए बगैर रोड बना दी गई। अब सबसे बड़ी चुनौती मित्र निवास रोड पर एसबीआई की बाउंड्री की दीवार बनी हुई है, जब तक यह नहीं हटेगी, तब तक रोड का निर्माण पूरा नहीं होगा।

निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार फिलहाल दो बत्ती से मित्र निवास रोड तक निर्माण कार्य को तेजी से चलाया जा रहा है। तीन माह में मित्र निवास रोड तक सिटी फोरलेन का काम पूरा हो जाए, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों का सहयोग नहीं मिल रहा है। अब स्थिति यह है कि जब तक मित्र निवास रोड तक की एसबीआई की दीवार नहीं टूटेगी तब तक आगे का कार्य पूरा नहीं हो पाएगा।

### पोल हटाने के बजाए काटा



1. दीपक टॉकीज रोड से दो बत्ती आने वाले मार्ग पर बिजली कंपनी के पोल को हटाने के बजाए काट दिया गया। इसका एक हिस्सा अब तक जमीन की सतह पर है। ऐसे में जो वाहन इससे निकलने है, वे पंचर हो रहे है।

### निकलने लगी सीसी



2. पिछली बारिश के समय निर्माण शुरू हुआ व करीब 2 माह पूर्व सैलाना रोड से दो बत्ती तक बनकर तैयार हुआ। 2 माह पूर्व बना सीसी पहले मानसून में ही उखड़ने लगा है। बीच की दीवार निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल खोल रही है।

### पोल हटाया नहीं, किया निर्माण



3. बिजली कंपनी के करीब पोल को हटाए बगैर निर्माण कार्य कर दिया। काम के दबाव के चलते जल्दी काम तो किया, लेकिन पोल हटवाना भूल गए। अब यह बीच में आ रहा है। इससे तेज गति से चलने वाले वाहन को परेशानी होती है।

### बेहतर काम कर रहे

बंजली प्लांट से आधुनिक संसाधन का उपयोग करके आरएमसी कांक्रिट किया है। एसबीआई की बाउंड्रीवॉल समय पर हट जाए तो तीन माह में कार्य पूरा हो जाएगा। सीसी रोड पर पोल की बात है, जहां कमी है, उसको तीन दिन में ठीक कर देंगे। - **रुपेश पिरोदिया,** ठेकेदार, सिटी फोरलेन निर्माण एजेंसी

### काम पूरा होने के बाद समीक्षा

एसबीआई की बाउंड्री के लिए तत्कालीन समय में वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा। जल्द मंजूरी होने की संभावना है। जहां तक सीसी रोड उखड़ने का सवाल है, उसको ठीक करवाया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद इसकी समीक्षा करके भुगतान किया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 18/7/21

# कल जिले के 87 केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन होगा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम जिले में चल रहे वैक्सीनेशन के तहत सोमवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए वैक्सीनेशन केंद्रों का निर्धारण किया गया है।

19 जुलाई को रतलाम जिले के 87 केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि आलोट क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालय आलोट, शासकीय कन्या हाई स्कूल ताल, शासकीय माध्यमिक विद्यालय खारवाकला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावल में दूसरे डोज का ग्राम केलूखेड़ी में केवल पहले डोज का, ग्राम कसारी, ग्राम कराडिया, ग्राम मुंज, ग्राम झारवाडिया पर कोविशिल्ड के प्रथम और दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

बाजना क्षेत्र में मांगलिक भवन बाजना, ग्राम पंचायत कुंदनपुर, ग्राम पंचायत राजापुरा माताजी, बालक छात्रावास रावटी, ग्राम पंचायत गढ़ावदिया, ग्राम पंचायत मलवासी की वैक्सीनेशन केंद्रों पर कोविशिल्ड के केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। जावरा ब्लॉक में ग्राम पंचायत भवन रिंगनोद, ग्राम पंचायत भवन असावती, ग्राम पंचायत भवन कलालिया पर कोविशिल्ड के दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा। ग्राम पंचायत भवन निर्माण नीमन, ग्राम पंचायत खोजनखेड़ा, ग्राम पंचायत भीमाखेड़ी पर कोविशिल्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत बरडिया गोयल में कोविशिल्ड का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत उपलाई, ग्राम पंचायत मांडवी, ग्राम पंचायत गोंदीधर्मसी में कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा।

जावरा क्षेत्र के बालक छात्रावास बड़ावदा में कोविशिल्ड का पहला डोज, नगर परिषद बड़ावदा पुराना भवन पर कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। टोल प्लाजा ढोढर पर कोविशिल्ड का पहला डोज और ग्राम पंचायत लसूडिया जंगली में कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। महात्मा गांधी स्कूल जावरा, नगर पालिका टाउन हॉल जावरा, लायंस क्लब जावरा, भगतसिंह कॉलेज जावरा पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा।

पिपलोदा क्षेत्र में पंचायत भवन पंचेवा, प्राथमिक विद्यालय शेरपुर, पंचायत भवन बोरखेड़ा, नवीन स्कूल भवन धमेडी, डाइट कॉलेज पिपलोदा पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज लगेगा। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के कन्या हाई स्कूल नामली, कन्या मिडिल स्कूल नामली, बालक प्राथमिक विद्यालय नामली, बालक छात्रावास नामली, बस स्टैंड नामली के केंद्रों पर कोविशिल्ड का केवल पहला डोज लगाया जाएगा। बालक हाई स्कूल सैलाना ग्राम पंचायत भवन करिया, ग्राम पंचायत भवन शिवगढ़, ग्राम पंचायत भवन सरवन पर कोविशिल्ड दूसरा डोज लगाया जाएगा। नवभारत

नवभारत 18/7/21

# कोरोना व डेंगू मरीज की देनी होगी जानकारी

रतलाम। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जिले के निजी अस्पताल और नर्सिंग होम संचालकों के साथ शनिवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक की। कलेक्टर ने सभी निजी अस्पतालों में उपलब्ध आक्सीजन बेड, वेंटीलेटर, पीडियाट्रिक वार्ड, एनआइसीयू, पीआइसीयू, पीडियाट्रिक वेंटिलेटर की उपलब्धता संबंधित डेटाबेस बनाने के लिए डीपीएम डा. अजहर अली को तीन दिन में जानकारी प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

सभी निजी अस्ताल संचालकों को निर्देशित किया गया कि किसी भी बच्चे में यदि संभावित कोविड-19 लक्षण पाए जाते हैं, तो तत्काल मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं आइडीएसपी शाखा को तत्काल अवगत कराएं। इसी प्रकार डेंगू के संदिग्ध मिलने पर भी तत्काल सूचना दी जाए।

नईदुनिया।

नईदुनिया। 18/7/21

# 6 दिन बाद मिला 1 पॉजिटिव, एक्टिव केस अब सिर्फ 2

भास्कर

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

एक्टिव केस 0 होने का मामला टल गया है। 6 दिन से एक भी पॉजिटिव नहीं मिल रहा था, शुक्रवार को एक्टिव केस भी सिर्फ 2 रह गए थे। ऐसे में एक्टिव केस 0 होने के आसार थे लेकिन शनिवार को एक पॉजिटिव मिल गया।

जिले में पॉजिटिव केस लगातार कम हो रहे हैं। जुलाई के महीने में लगातार 9 बार ऐसा हुआ है जब 0 पॉजिटिव सामने आए हैं। यह बड़ा सुकून है क्योंकि कोरोना की दूसरी लहर ने सभी को परेशान किया। दूसरी लहर के दौरान ही 13 मई को जिले में एक्टिव केस का आंकड़ा 3732 पर आ गया था। धीरे-धीरे एक्टिव केस कम हुए, अंततः अब एक्टिव केस का आंकड़ा 0 के करीब पहुंच रहा है। शनिवार को 1 नया संक्रमित मिला है, 1 व्यक्ति को डिस्चार्ज भी किया गया। अब एक्टिव केस 2 रह गए हैं।

## राहत... पांच दिन से एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला

| दिनांक | एक्टिव केस | नए पॉजिटिव |
|---|---|---|
| 11 जुलाई | 14 | 0 |
| 12 जुलाई | 13 | 0 |
| 13 जुलाई | 13 | 0 |
| 14 जुलाई | 10 | 0 |
| 15 जुलाई | 5 | 0 |
| 16 जुलाई | 2 | 0 |
| 17 जुलाई | 2 | 1 |

# 19 जुलाई को रतलाम जिले के 87 केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम जिले में चल रहे वैक्सीनेशन के तहत सोमवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए वैक्सीनेशन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। 19 जुलाई को रतलाम जिले के 87 केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि आलोट क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालय आलोट, शासकीय कन्या हाई स्कूल ताल, शासकीय माध्यमिक विद्यालय खारवाकला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावल में दूसरे डोज का ग्राम कैलूखेड़ी में केवल पहले डोज का, ग्राम कसारी, ग्राम कराडिया, ग्राम मुंज, ग्राम झारवाड़िया पर कोविशिल्ड के प्रथम और दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

बाजना क्षेत्र में मांगलिक भवन बाजना, ग्राम पंचायत कुंदनपुर, ग्राम पंचायत राजापुरा माताजी, बालक छात्रावास रावटी, ग्राम पंचायत गढ़वदिया, ग्राम पंचायत मलवासी की वैक्सीनेशन केंद्रों पर कोविशिल्ड के केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। जावरा ब्लॉक में ग्राम पंचायत भवन रिंगनोद, ग्राम पंचायत भवन असावती, ग्राम पंचायत भवन कलालिया पर कोविशिल्ड के दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा। ग्राम पंचायत भवन निर्माण नीमन, ग्राम पंचायत खोजनखेड़ा, ग्राम पंचायत भीमाखेड़ी पर कोविशिल्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत बरडिया गोयल में कोविशिल्ड का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत उपलाई, ग्राम पंचायत मांडवी, ग्राम पंचायत गोंदीधर्मसी में कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा।



जावरा क्षेत्र के बालक छात्रावास बड़ावदा में कोविशिल्ड का पहला डोज, नगर परिषद बड़ावदा पुराना भवन पर कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। टोल प्लाजा ढोढर पर कोविशिल्ड का पहला डोज और ग्राम पंचायत लसूड़िया जंगली में कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। महात्मा गांधी स्कूल जावरा, नगर पालिका टाउन हॉल जावरा, लायंस क्लब जावरा, भगतसिंह कॉलेज जावरा पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा।

पिपलोदा क्षेत्र में पंचायत भवन पंचेवा, प्राथमिक विद्यालय शेरपुर, पंचायत भवन बोरखेड़ा, नवीन स्कूल भवन धमेड़ी, डाइट कॉलेज पिपलौदा पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज लगेगा। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के कन्या हाई स्कूल नामली, कन्या मिडिल स्कूल नामली, बालक प्राथमिक विद्यालय नामली, बालक छात्रावास नामली, बस स्टैंड नामली के केंद्रों पर कोविशिल्ड का केवल पहला डोज लगाया जाएगा। बालक हाई स्कूल सैलाना ग्राम पंचायत भवन करिया, ग्राम पंचायत भवन शिवगढ़, ग्राम पंचायत भवन सरवन पर कोविशिल्ड दूसरा डोज लगाया जाएगा।

रतलाम शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरुनानक स्कूल विनोबा नगर मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, साई अकादमी 80 फिट रोड, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, सरस्वती स्कूल काटजू नगर, आइएम हाल राजेंद्र नगर, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, आनंद कॉलोनी, मोहन टॉकीज रतलाम, ज्वाला पैलेस स्टेशन रोड, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, मेहंदीकुई बालाजी नगर निगम, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार रतलाम पर ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर कोविशिल्ड का केवल पहला डोज लगाया जाएगा। उपरोक्त रतलाम शहरी केंद्रों के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग की साइट खुली हुई है।

https://selfregistration.cowin.gov.in/ लिंक पर जाकर 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति प्रि स्लॉट बुकिंग करा सकते हैं। रतलाम शहर में सोमवार को कोविशिल्ड के दूसरा डोज लगाने के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस दो बत्ती केंद्रों का निर्धारण किया गया है। कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगवाने के हितग्राही वैक्सीनेशन केंद्र पर जाकर सीधे वैक्सीनेशन करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को रतलाम जिले के किसी भी केंद्र पर को वैक्सीन का वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा।

प्रसारण 18/7/21

## 19 को ज़िले के 87 केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा

रतलाम ● जिले में सोमवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए वैक्सीनेशन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि आलोट क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालय आलोट , शासकीय कन्या हाईस्कूल ताल , शासकीय माध्यमिक विद्यालय खारवा कला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावल सहित 87 केन्द्रों पर किया जाएगा टीकाकरण।

## नागरिक व दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करें

रतलाम ● कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम जिले में कोरोना 2019 संक्रमण को नियंत्रण करने हेतु कोविड अनुकूल व्यवहार अनिवार्य किया गया है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नागरिकों, दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठान मालिकों से अपील की है कि सही तरीके से मास्क लगाएं एवं दो गज की दूरी का पालन अनिवार्य रूप से करें। दुकानों एवं सार्वजनिक स्थानों में 6 नागरिकों से अधिक लोग इकट्ठे नहीं हों। नियमों का पालन अनिवार्य रूप से कर कानूनी कार्रवाई से बचें। स्वदेश

स्वदेश | 18/7/21

## वार्ड की साफ-सफाई का दायित्व दरोगा व सफाई संरक्षक का

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। स्वदेश

स्वदेश 18/7/21

## आधार लिंक पर ही अंशदान जमा होगा

रतलाम | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के नए नियमों के अनुसार अब आपको अपने ईपीएफ के यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (UAN) के साथ आधार को लिंक करना अनिवार्य होगा। एक जून से सरकार ने इस संबंध में नियम बदल गए हैं। खाता आधार से लिंक न होने पर इलेक्ट्रॉनिक चालान कम रिटर्न यानी ईसीआर नहीं भरा जाएगा। अतः अब ईपीएफ खाताधारकों को आधार से अपना खाता लिंक करना होगा तब ही अंशादान जमा हो सकेगा।

दै. भास्कर 18/7/21

## आक्सीजन की कमी से दम तोड़ रही मछलियां

रतलाम। शहर के प्राचीन श्री कालिका माता मंदिर परिसर स्थित अष्ट कोणीय झाली तालाब में आक्सीजन की कमी से मछलियां दम तोड़ रही है। वर्तमान में अल्प बारिश के चलते झाली तालाब का जलस्तर लगातार गिर रहा है। आक्सीजन की कमी के कारण मछलियां तालाब के किनारे की सीढ़ियों पर तैर रही है। महावीर इंटरनेशनल संस्था के डा. प्रदीप जैन ने बताया कि वर्तमान में तालाब परिसर में गंदगी फैल रही है। आक्सीजन की कमी से प्रतिदिन कई मछलियां मर रही है।

नईदुनिया 18/7/21

# 15 केंद्रों पर प्री बुकिंग के आधार पर कल होगा टीकाकरण

## जिले में कुल 87 केंद्रों पर लगाई जाएगी कोरोना वैक्सीन, सभी जगह जरूरी इंतजाम किए गए

**रतलाम।** कोविड वैक्सीनेशन के तहत 19 जुलाई को जिले के 87 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि सभी केंद्रों पर जरूरी इंतजाम किए गए हैं।

रतलाम शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरुनानक स्कूल विनोबा नगर, मार्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, साईं श्री एकेडमी 80 फीट रोड, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, सरस्वती स्कूल काटजू नगर, आइएम हाल राजेंद्र नगर, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, जमातखाना शेरानीपुरा, मोहन टाकीज रतलाम, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, लायंस हाल पावर हाउस रोड, मेहंदी कुई बालाजी नगर निगम, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार रतलाम पर आनलाइन प्री-स्लाट बुकिंग के आधार पर कोविशील्ड का केवल पहला डोज लगाया जाएगा।

**आलोट क्षेत्र :** उत्कृष्ट विद्यालय आलोट, शासकीय कन्या हाइस्कूल ताल, शासकीय माध्यमिक विद्यालय खारवाकलां, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावल में दूसरे डो का ग्राम केलूखेड़ी में केवल पहले डोज का, ग्राम कसारी, ग्राम कराड़िया, ग्राम धुंज, ग्राम झारवाड़िया पर कोविशील्ड के प्रथम और दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**बाजना क्षेत्र :** मांगलिक भवन बाजना, ग्राम पंचायत कुंदनपुर, राजापुरा माताजी, गढ़खदिया, मलवासी, बालक छात्रावास रावटी केंद्रों पर कोविशील्ड के केवल दूसरी डोज लगाई जाएगी।

**जावरा ब्लाक :** ग्राम पंचायत भवन रिंगनोद, असावती, कलालिया पर कोविशील्ड का दूसरा डोज लगेगा। ग्राम पंचायत भवन नीमन, खोजनखेड़ा, भीमाखेड़ी पर पहला डोज लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत बरडिया गोयन में कोविशील्ड का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत उपलाई, मांडवी, गोंदीधर्मसी में केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा। बालक छात्रावास बड़ावदा में कोविशील्ड पहला डोज, नगर परिषद बड़ावदा पुराना भवन पर दूसरा डोज लगाया जाएगा। टोल प्लाजा ढोढर पर पहला और ग्राम पंचायत लसूड़िया जंगली में दूसरा डोज लगाया जाएगा। महात्मा गांधी स्कूल जावरा, नगर पालिका टाउन हाल जावरा, लायंस क्लब जावरा, भगतसिंह कालेज जावरा पर केवल दूसरा डोज लगाया जाएगा।

**पिपलौदा क्षेत्र :** पंचायत भवन पंचेवा, बोरखेड़ा, प्रा. विद्यालय शेरपुर, नवीन स्कूल भवन धामेड़ी, हाइट पिपलौदा में कोविशील्ड की दूसरी डोज लगेगी।

**रतलाम ग्रामीण क्षेत्र :** कन्या हाई स्कूल नामली, कन्या मिडिल स्कूल नामली, बालक प्राथमिक विद्यालय नामली, बालक छात्रावास नामली, बस स्टैंड नामली के केंद्रों पर पहला डोज लगाया जाएगा।

**सैलाना :** बालक हाइस्कूल सैलाना, ग्राम पंचायत भवन करिया, शिवगढ़, सरवन में दूसरी डोज लगेगी।

नईदुनिया 18/7/21

---

**ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग...**

# पहले कुछ सेकंड में बुक हो रहे थे, अब 8 घंटे तक खाली रहे

## 19 जुलाई को जिले के 87 केंद्रों पर होगा वैक्सीनेशन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

18+ के वैक्सीनेशन की शुरुआत में जहां स्लॉट बुक ही नहीं हो रहे थे। लोग परेशान थे, शनिवार को नजारा उलट गया। बुकिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग ने स्लॉट खोले, लेकिन शाम तक स्लॉट खाली ही रहे। स्लॉट बुकिंग सिर्फ पहला डोज लगवाने वालों के लिए ही थी। दूसरे डोज लगवाने वालों को ऑनस्पॉट टीका लगाया जाएगा।

जिले में अब 19 जुलाई को वैक्सीनेशन होना है। वैक्सीनेशन स्लॉट बुकिंग से आने वालों के लिए ही रहेगा। शनिवार को सुबह 9 बजे स्लॉट खोले गए थे। सोशल मीडिया पर मैसेज भी वायरल होते रहे लेकिन शाम तक बुकिंग चली। यह पहला मौका है, जब 8 घंटे तक स्लॉट खाली ही रहे हैं। इससे पहले चंद सेकंड में स्लॉट बुकिंग हो रही थी। रतलाम शहर में 19 जुलाई को रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरुनानक स्कूल विनोबा नगर, मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, साईं अकादमी 80 फीट रोड, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, सरस्वती स्कूल काटजू नगर, आईएम हॉल राजेंद्र नगर, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, आनंद कॉलोनी, मोहन टॉकीज, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, मेहंदीकुई बालाजी नगर निगम, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार पर पहला डोज लगेगा।

दै. भास्कर 18/7/21

नलों में मटमैला पानी, जिम्मेदार सुना रहे पुरानी कहानी

# शहर के 20 हजार घरों में जुलाई के 17 दिन में सिर्फ 6 दिन पानी मिला, वो भी

पत्रिका अभियान

## पेयजल का मैलापन हों दूर





रतलाम. शहर में एक जुलाई से 17 जुलाई तक के कुल 17 दिन में मात्र 6 दिन पेयजल का वितरण नगर निगम कर पाया है। जो पेयजल शहर में मिल रहा है वो भी करीब 20 हजार आबादी को मटमैला जा रहा है। इन सब के बीच निगम के जिम्मेदार हर बार की रटीरटाई पुरानी कहानी टर्बीडीटी बढ़ने की बात कह रहे हैं। मटमैला पानी के सेवन से शहर में पेट में दर्द, उल्टी व दस्त के मरीज बढ़ रहे हैं।

मानसून की शुरुआत होते ही शहर में कई घर के नलों में मटमैला पानी आने की शुरुआत हो गई है। कई क्षेत्रों में तो यह स्थिति है कि 20 से 30 मिनट पेयजल आ रहा है उसमे भी मटमैला पानी 15 से 20 मिनट तक आ रहा है। पॉश कॉलोनियों के रहवासी निगम को सबसे अधिक टैक्स देते है, उन क्षेत्र में भी शुद्ध पेयजल नगर निगम नहीं दे पा रही है। शहर के करीब 20 हजार आवास में एक दिन छोड़कर एक दिन मिल रहे पेयजल में मैलापन होने के चलते अब आमजन परेशान हो गया है।

## पानी के अन्य स्त्रोत तलाशना शुरू

शहर के काटजू नगर, बैंक कॉलोनी, राजबाग, टीआईटी रोड, गांधीनगर, इंदिरा नगर, नजरबाग, श्रीमालीवास, धावरिया बाजार जैसे मोहल्लों में तो 17 दिन में सिर्फ 6 दिन पेयजल मिला है। जो पेयजल मिला है, वो मैलापन लिए होने से आमजन के लिए उपयोगी नहीं है। ऐसे में इंदिरा नगर में तो कई घर में निजी टैंकर मंगवाए जा रहे है। इसके अलावा अन्य क्षेत्र के रहवासी निजी नलकुप सहित अन्य स्त्रौत की तलाश में जुट गए है। रहवासियों के अनुसार पानी इतना मटमैला है की पेयजल तो

### कपड़े धोने के काम का भी

हमारे मोहल्ले में मैलापन लिए हुए प
खराब है की पेयजल तो दूर इससे
है। - **सुमन बाई,** रहवासी इंदिरानगर

### बारिश में आती है यह समस्

बारिश के समय मटमैला पानी आना
बढ़ने से यह होता है। इसके लिए उ
तेजी से सुधार हो रहा है। कई क्षेत्र में सम
भरने की वजह से देरी से पेयजल वितरण
**झारिया,** आयुक्त नगर निगम

दूर
नहीं

पत्रिका 18/7/21

# गीला व सूखा कचरा पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

रतलाम ● स्वदेश समाचार

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हेल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हेल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाए।

प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिए जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनों पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जाएंगे तथा जब तक पूरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना कराएं। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है।

स्वदेश


स्वदेश 18/7/21

# जिले में अब सक्रिय केस दो

रतलाम। जिले में वर्ष 2021 के अप्रैल-मई में बेकाबू हुए कोरोना संक्रमण पर अब पूरी तरह काबू पा लिया गया है। जुलाई माह की शुरुआत से लगातार नए संक्रमितों की संख्या घट रही है, वहीं स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में जिले में अब दो सक्रिय केस है। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। शून्य मरीज होने के बाद आगामी 28 दिनों तक एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आने से जिला पूरी तरह कोरोना मुक्त हो जाएगा। इसके लिए जिलेवासियों को कोविड-19 गाइड-लाइन का कड़ाई से पालन करना जरूरी है।

**0** राहत की ओर

**6** दिन बाद एक नया पाजिटिव केस जुलाई माह में







जुलाई माह में जिले में लगातार छह दिन बाद शनिवार को एक नया पाजिटिव केस सामने आया। एक मरीज को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। इससे जिले में अब एक्टिव मरीजों की संख्या दो रह गई है। जिले में अब तक 17498 पाजिटिव केस सामने आ चुके है, वहीं 17185 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। जुलाई के 17 दिनों में जिले में केवल 16 नए पाजिटिव केस सामने आए है, वहीं 54 मरीजों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दी गई। जुलाई माह में एक भी मौत नहीं हुई है।

### 17 दिन में केवल 16 नए पाजिटिव

### अप्रैल में थी स्थिति बेकाबू

जिले में कोरोना की दूसरी लहर में अप्रैल की सात तारीख से 100 से अधिक नए केस आने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, जो मई की आठ तारीख को एक दिन में सर्वाधिक 398 पर पहुंच गया था। स्थिति बेकाबू होते देख कलेक्टर गोपालचंद्र डाड का स्थानांतरण किया और कुमार पुरुषोत्तम को जिले की कमान सौंपी। उन्होंने कई व्यवस्थाओं में बदलाव के साथ सख्ती का डंडा चलाया। इससे धीरे-धीरे स्थिति काबू में आती गई और अब गाड़ी लगभग पटरी पर लौट आई है।

### अप्रैल 2020 से अब तक की स्थिति पर नजर




## अप्रैल-मई में लगा था मौतों का शतक

वर्ष 2021 के अप्रैल और मई माह जिलेवासियों के लिए बेहद खतरनाक रहे हैं। इन दोनों माह में प्रतिदिन मिलने वाले नए संक्रमितों की संख्या 300 के पार पहुंचकर 400 के करीब आ गई थी। अप्रैल में जहां 5283 नए संक्रमित मिले थे, वहीं 102 लोगों की मौत हुई थी। मई में आंकड़ा और बढ़ गया था। 6490 नए संक्रमित सामने आए थे, वहीं 111 लोगों की मौत हुई थी। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों को बेड नहीं मिल रहे थे। उपचार के अभाव में मरीज सड़कों और अस्पताल परिसर में दम तोड़ रहे थे। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासियों की चिंता बढ़ गई थी। इसके बाद लगातार व्यवस्थाओं में सुधार और बदलाव किया गया। जगह-जगह कोविड केयर सेंटर खोले गए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरती गई। इससे स्थिति में सुधार आया।



### सावधानी जरूरी

कोरोना संक्रमण पर काबू जरूर पा लिया है, लेकिन अभी वह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। बचाव के लिए टीका लगवाना जरूरी है। टीका लगवाने के बाद भी मास्क पहनना और शारीरिक दूरी का पालन करना आवश्यक है। - डा. गौरव बोरवाल, जिला महामारी नियंत्रक

### अप्रैल 2020 में दी थी कोरोना ने दस्तक

उल्लेखनीय है कि शहर में कोरोना का पहला मरीज 11 अप्रैल 2020 को मिला था। मोचीपुरा निवासी जूता व्यापारी के पाजिटिव आते ही हड़कंप मच गया था।" तब्लीगी मरीज को पहले मेडिकल कालेज फिर उज्जैन रेफर किया गया था। इसके पहले चार अप्रैल 2020 को इंदौर में रतलाम के हाट रोड निवासी एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक का शव रतलाम लाकर जनाजा निकालते हुए शव दफनाया गया था। बाद में मृतक के कोरोना पाजिटिव होने की बात सामने आई तो लोहार रोड क्षेत्र में करीब तीन किमी हिस्से को कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया था। आवाजाही बंद कर कंटेनमेंट क्षेत्रों में जरूरी चीजों की सप्लाई नगर निगम के माध्यम से कराई गई थी।

नईदुनिया।

नईदुनिया 18/7/21

# पथ विक्रेता पीएम स्वनिधि के तहत 10 हजार का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करें- झारिया

## निगम में ऋण उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हें प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है। संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अपील की है कि नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पथ विक्रेता जिन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अन्तर्गत राशि 10,000 रु. का ऋण प्राप्त नहीं हुआ है वे नगर निगम के हाथीखाना स्थित एनयूएलएम कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर शीघ्र ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पथ विक्रेता को आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

## 16 जुलाई को 86 टन कचरा जुलवानिया पहुंचा

रतलाम ● निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत 16 जुलाई को 86 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। 16 जुलाई को डम्पर व ट्रैक्टर ट्रॉली से 45475, काम्पेक्टर सूखा कचरा 24260, काम्पेक्टर गीला कचरा 13860 व मैजिक 2565 किलो इस तरह कुल 86160 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

स्वदेश

स्वदेश 18/7/21